**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**प्रधानमंत्री–टोक्यो**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जापान की टेक्नॉलोजी और भारत की प्रतिभा मिलकर इस सदी की टेक क्रांति का नेतृत्व कर सकते हैं। टोक्यो में जापान आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जापान टेक्नॉलोजी का और भारत प्रतिभा का पावर हाऊस है। भारत ने एआई, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कम्प्यूटिंग, जैव प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष के क्षेत्र में साहसी और महत्वकांक्षी पहल की है।

प्रधानमंत्री ने इस बात को रेखांकित किया कि आज भारत में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता तथा नीतियों में पारदर्शिता है। भारत आज दुनिया में तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

**प्रश्नकाल**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि पिछले एक साल में मौजूदा सरकार ने 126 नए संस्थान खोले हैं और अधिसूचित किए हैं। शिमला में चल रहे विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान आज प्रश्नकाल में विधायक दिलीप कुमार के सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी देते हुए बताया कि नए संस्थान गुण दोष के आधार पर खोले जाते हैं और संस्थानों के लिए दी गई जमीनों को वापस करने का कोई विचार नहीं है। विधायक सतपाल सिंह सत्ती, बिक्रम ठाकुर और पवन कुमार काजल के सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सदस्यों ने पुनर्नियुक्तियों को लेकर जानकारी मांगी है, वह बहुत लंबी है और इसे एकत्र किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी सारी जानकारी एकत्र करने पर इसे सदस्यों को देगी। उन्होंने कहा कि एच.आर.टी.सी. पेंशनरों के खाते में आज पेंशन डाली जा रही है।

**जनकराज**

भरमौर से भाजपा विधायक डॉक्टर जनकराज ने चम्बा में आई प्राकृतिक आपदा को लेकर सरकार पर राहत व बचाव कार्यों में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ज़िले में जगह–जगह सड़कें टूटी हुई हैं और कई इलाकों में चार दिन बाद भी दूरसंचार सेवाएं भी बहाल नहीं हो पाई हैं। डॉक्टर जनकराज ने कहा कि प्रशासन व सरकार की ओर से प्रभावितों को कोई मदद नहीं मिल रही है। उन्होंने भरमौर क्षेत्र के पावर प्रोजेक्ट्स और उद्योगों से इस आपदा की घड़ी में फंसे लोगों को खाने–पीने की सुविधा उपलब्ध कराने की अपील की है।

**मौसम**

प्रदेश में वर्षा का दौर जारी है। शिमला, कुल्लू, मंडी, सोलन चंबा, किन्नौर सहित प्रदेश के अनेक भागों में बीती रात से रूक–रूक कर हल्की वर्षा हो रही है। किन्नौर ज़िले में भारी बारिश के चलते लिप्पा के भौडरती नाला और पेजर खड्ड में अचानक बाढ़ आने से कुछ मकानों सहित बागीचों और डोगरी को नुकसान हुआ है। भौडरती नाले के मलबे में दबे दो मज़दूरों को स्थानीय ग्रामीणों ने सुरक्षित बचाकर लिप्पा अस्पताल में भर्ती करवाया है। ये दोनों जम्मू के रहने वाले बताए जा रहे हैं। ज़िले के पवारी डैम साईट के पास राष्ट्रीय उच्च मार्ग 5 पर सड़क धंसने का मामला सामने आया है। उधर, बारिश से चंबा जिले में जन–जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। हमारे चंबा जिला संवाददाता ने बताया कि चंबा भरमौर एनएच सहित जिले के सैंकड़ों मार्ग यातायात के लिए अवरूद्ध है जिन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं। चंबा जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा है कि मणिमहेश यात्रा के ट्रैक पर विभिन्न स्थानों पर 12 हजार के करीब श्रद्धालु फंसे है जिन्हें निकालने के प्रयास युद्ध स्तर पर जारी हैं और सभी सुरक्षित हैं। इस बीच मौसम विभाग ने आज राज्य के सात जिलों ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिला के कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।